जय गणेश जी | by Savita Mishra

जय गणेश बोलो जय गणेश ....

हे गणेश गण गणेश जय गणेश जी
तुम बिन कटेंगे न कभी मेरे कलेश जी
देवों में प्रथम देव तुम हे देवेश जी
तुम बिन बनेंगे काज ना मेरे सोहेश जी

मूसे की सवारी कर आओ गण राजा
पुकार मेरे मन की भी सुनलो महाराजा
गुडवा चढ़ाऊँ तुमको मणि भोग नित लगाऊं
सेवा की रीत देवा निसदिन ही मैं निभाऊं
तेरी भक्ति से बढ़के ना कुछ विशेष जी
हे गणेश गण गणेश जय गणेश जी
तुम बिन कटेंगे न कभी मेरे कलेश जी

दर्शन नमन पूजन हो सबसे पहले तेरा
मैं जब भी जहाँ जाऊं हो हाथ सर पे तेरा
मेरी विनती सुनने वाले बस आप ही हो बप्पा
मेरा न्याय करने वाले बस आप ही हो बप्पा
तेरा ध्यान कर मिटे हैं मनसा रे देवेश जी
हे गणेश गण गणेश जय गणेश जी
तुम बिन कटेंगे न कभी मेरे कलेश जी

ना देव तुमसा कोई ना दानी तुमसा कोई
बुद्धि के तुम विधाता ना ग्यानी तुमसा कोई
संग तेरे रिद्धि सिद्धि शोभा बढ़ा रही हैं
चरणों में तेरे किस्मतें जगमगा रही है
भक्तों पे तेरा प्रेम देख हरषे महेश जी
हे गणेश गण गणेश जय गणेश जी
तुम बिन कटेंगे न कभी मेरे कलेश जी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a5%87%e0%a4%b6-%e0%a4%9c%e0%a5%80-by-savita-mishra/